हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39 .5 डिग्रीसे.
न्यूनतम 19 .5 डिग्रीसे.

12 मानसून में जलभराव से तीव्र निपटान के लिए ...



12 डाकघर में आधार सेवाएं शुरू सुधार की सभी ...



## खबर संक्षेप

### केयू आईआईएचएस में बीए हिंदी ऑनर्स में प्रवेश 21 तक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) में बीए हिंदी ऑनर्स (स्कीम-सी) कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल ने बताया कि पाठ्यक्रम में 20 सीटें उपलब्ध हैं तथा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार चार वर्षीय यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को हिंदी भाषा, साहित्य, पत्रकारिता, अनुवाद, डिजिटल लेखन, संचार और शोध के विविध आयामों से परिचित कराता है।

### पीएमएवाई किश्त गड़बड़ी पर दो कर्मियों को नोटिस

**थानेसर।** डीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि पीएम आवास योजना (पीएमएवाई) की पहली किस्त अयोग्य व्यक्ति को जारी किए जाने के मामले में दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कर्मचारियों के जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गलत तरीके से राशि लेने वाले व्यक्ति से रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित सीएम विंडो समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को सबसे पुरानी 10 शिकायतों का निपटान 17 जून तक कर एटीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### फाइनेंस वाहन का फर्जी फॉर्म तैयार, केस दर्ज

**यमुनानगर।** यमुनानगर के जगाधरी में फाइनेंस किए गए वाहन के मामले में फर्जी फॉर्म-35 तैयार कर धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह मामला श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के कर्मचारी सचिन कुमार की शिकायत पर दर्ज हुआ। आरोप है कि विशाल कुमार, देवेंद्र कुमार और अब्दुल गफ्फार ने वाहन फाइनेंस के दौरान फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी को धोखा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगे 24 लाख रुपये

**यमुनानगर।** अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति से 24.30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। फ्लोररामा कॉम्प्लेक्स निवासी त्रिलोचन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने धीरज सैनी, धर्मवीर वर्मा, डॉ. संदीप चौधरी, रतन त्यागी और अमित यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने अप्रैल 2023 में उन्हें एक कंपनी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया और 24.30 लाख रुपये निवेश करवा लिए। बाद में न तो लाभ दिया गया और न ही रकम लौटाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पानीपतः मां व बेटे को गंभीर घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था स्थित इंदिरा कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते अनीता और उसका बेटा विकास को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों को वीरवार की देर रात पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, अनीता की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने बंटी उर्फ अंकित व चिंटा पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इटली भेजने के नाम पर 8 लाख की ठगी, केस

**पानीपत।** गांव उरलाना खुर्द निवासी सुखदेव से इटली भेजने का झांसा देकर 8 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने शिकायत करनाल रेंज के एडीजीपी को दी, जिसके बाद थाना मतलौडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैथल के गांव बरसाना निवासी सुनील के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा, दिनभर चली ठंडी हवाओं से लोगों ने राहत महसूस की

### कई घंटे बिजली कट से लोग परेशान, इनवर्टर भी जवाब दे गया

# कुरुक्षेत्र, रादौर, बराड़ा में तूफान-बारिश ने मचाई तबाही 100 से अधिक पेड़ और बिजली के खंभे गिरे





**कुरुक्षेत्र।** सुंदरपुर फ्लाइओवर पर सड़क के बीचो बीच पड़ा पेड़ एवं गांव सरायसुखी में खेत में गिरा पड़ा ट्रांसफार्मर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुवार देर रात आए तेज तूफान और बारिश ने जिले में भारी तबाही मचा दी। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि 100 से अधिक पेड़, बिजली के खंभे और कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली निगम की टीमें देर रात से ही बहाली कार्य में जुटी हुई हैं, जबकि कई इलाकों में मरम्मत कार्य जारी है। शहर में दुखभंजन महादेव मंदिर मोड़, पैनोरमा के समीप, सुदरपुर फ्लाइओवर, काली कमली मंदिर और सेक्टर-17 सहित कई स्थानों पर बड़े पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। दुकानों के फ्लेक्स और होर्डिंग्स तेज हवाओं में उड़ गए। गांव सरायसुखी में खेतों के बीच लगा बिजली ट्रांसफार्मर गिर गया, वहीं कई गांवों में पेड़ उखड़कर सड़कों और खेतों में आ गिरे, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। हालांकि तेज बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली।मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिनों की तुलना में कम रहा। दिनभर चली ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना बना रहा।

### नए बस अड्डे पर पेड़ गिरा, वाहन क्षतिग्रस्त

तेज हवा और बारिश से नए बस अड्डे के पास भी बड़ा नुकसान हुआ। पार्किंग में खड़ा एक विशाल सफेदे का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसकी चपेट में एक ऑटो, एक रेहड़ी और कई बाइकें पेड़ के नीचे दब गईं। गनीमत रही इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। वही शाहाबाद के रावा गांव में एक कच्चे मकान की छत गिर गई। हादसे में मकान के अंदर सोए बलदेव सिंह मलबे के नीचे दब गए। परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और शाहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### गड्ढे में साइकिल और बुलेट गिरी

पिहोवा के मॉडल टाउन एरिया में खोदे गए गड्ढे में रात को साइकिल और बुलेट बाइक सवार 2 लोग गिर गए। बारिश की वजह से गड्ढे में पानी भर चुका था। इस वजह उनको पता नहीं चल पाया कि यहां गड्ढा खोदा गया है। साइकिल सवार खुद गड्ढे से बाहर आ गया, जबकि अली मुर्तिजा और उसे साथी को लोगों ने बाहर निकाला।

## रादौर में 11 हजार केवी की तार दुकान पर गिरने से भारी नुकसान






**रादौर।** आढ़ती की दुकान के ऊपर गिरा खंभा एवं गांव बुबका में टूटा खंभा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र में वीरवार रात को आई तेज आंधी व बारिश के कारण क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। शहर के एसके रोड पर सफेदे के बड़े बड़े टहने टूटकर सड़कों पर गिर गए। वहीं बिजली के खंभे भी टूटकर सड़कों पर गिर गए। जिससे सड़कों पर तारों का जाल फैल गया। शहर के कच्चा घाट पर तेज हवा के चलते पेड़ का टहना टूटकर 11 हजार केवी की तारों पर गिर गया। जिससे बहुत जोर से धमाका हुआ। गनीमत रही कि उस समय कोई आसपास नहीं था, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसके अलावा भारी बारिश व आंधी के चलते शहर के रादौर-जठलाना रोड पर भी बड़े बड़े टहनों के कारण बिजली की तारें टूटकर नीचे लटक गई। शहर की अनाजमंडी में भी खंभे टूटने से 11 हजार केवी की तारें एक आढ़ती की दुकान पर गिर जाने से एसी व इनवर्टर खराब हो गए। जिससे आढ़ती को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं गांव बुबका में भी खंभे उखड़कर खेतों में गिर गए। खेतों में तारों का जाल फैल गया। बिजली निगम के अधिकारी दिनभर कड़ी मेहनत कर बिजली आपूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर करते नजर आए। बिजली निगम के कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने 3 से 4 बार अधिकारियों को पेड़ के टहने काटने के लिए लिफ्ट की मांग की है, लेकिन उनको लिफ्ट अभी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई।

## बराड़ाः मकान पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचा दंपति



**बराड़ा।** आंधी के कारण गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रात आए तेज तूफान और बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दोसड़का रोड स्थित एक मकान पर सफेदे का विशाल पेड़ गिरने से दीवार ढह गई और हजारों रुपये की संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात यह रही कि आंगन में टहल रहे दंपति ने समय रहते खतरे को भांप लिया और घर के अंदर भागकर अपनी जान बचा ली। दोसड़का रोड पर बंसल पैलेस के सामने रहने वाले कृष्ण कुमार जैन के मकान की चारदीवारी के साथ एक सफेदे का पेड़ खड़ा था, जो पिछले कई महीनों से टेढ़ा हो चुका था। पेड़ के गिरने की आशंका को देखते हुए कृष्ण कुमार जैन ने वन विभाग को लिखित शिकायत देकर इसे हटाने की मांग भी की थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित जैन ने बताया कि वीरवार रात करीब सवा नौ बजे तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। उसी दौरान वह अपनी पत्नी के साथ आंगन में टहल रहे थे। अचानक आवाज के साथ सफेदे का विशाल पेड़ उनकी चारदीवारी तोड़ता हुआ आंगन में आ गिरा। खतरे को देखते हुए दोनों तुरंत घर के अंदर भाग गए, जिससे उनकी जान बच गई। पेड़ गिरने से मकान की दीवार, लोहे की ग्रिल और आंगन में लगी टाइलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

---



### इलेक्ट्रिक स्कूटी में धमाके के साथ लगी आग, पूरी तरह जली

**यमुनानगर।** सौंधी मोहल्ला क्षेत्र में चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक तेज धमाके के साथ आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी स्कूटी जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 15 से 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात रही। जानकारी के अनुसार आजाद नगर निवासी बृजभूषण की जॉय कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी एक परिचित उपयोग कर रहा था, तभी अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत स्कूटी रोककर खुद को दूर कर लिया, बड़ा हादसा टल गया।

## आर्यवीर-वीरांगना दल के करतब को गुजरात के राज्यपाल ने देखा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल में आयोजित सार्वदेशिक आर्यवीर एवं वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रातःकालीन सत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं और युवतियों के अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और शारीरिक क्षमता की सराहना की।शिविर में प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा योग, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांग सुन्दर व्यायाम के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए लाठी संचालन, तलवारबाजी, जूडो-कराटे आदि का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं आर्य वीरांगनाएं डम्बल और लेजियम जैसे व्यायामों का अभ्यास कर अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन कर रही थीं। निरीक्षण के दौरान नन्हीं आर्य वीरांगनाओं का आत्मरक्षा और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उनकी फुर्ती, साहस और दृढ़ता को देखकर राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी प्रभावित हुए और उन्होंने खुले मन से उनकी प्रशंसा की।इस अवसर पर आचार्य नंदकिशोर सहित कई पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं आर्य प्रतिनिधि सभा के सदस्य मौजूद रहे।

### यमुनानगरः ज्वेलर्स की दुकान से ढाई लाख रुपये के गहने चोरी

**यमुनानगर।** शहर के गुरु अर्जुन नगर जगाधरी स्थित संगम ज्वेलर्स की दुकान से चोरों ने ढाई लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गुरु अर्जुन नगर निवासी मदन मोहन ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में थी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही संगम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। नौ जून को वह रात सवा आठ बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसे दुकान का लगा ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर दुकान से सोने व चांदी की आभूषण व अन्य सामान गायब मिला। जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा 4 साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

### दोनों मामलों में तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई के आधार पर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना अंबाला छावनी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टिंबर मार्केट से साइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की कुल 4 साइकिलें बरामद की गई हैं। जांच अधिकारी परवेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता विभोर ने 11 जून 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, बीती 4 जून 2026 को टिंबर मार्केट से किसी ने उनकी साइकिल चोरी कर ली थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी थी। पुलिस की टीम ने मामले में मुस्तैदी दिखाते हुए तकनीकी आधार पर कार्रवाई की और वारदात में संलिप्त आरोपी सागर को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा गहनता से की गई पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर साइकिल सहित कुल 4 चोरीशुदा साइकिलें बरामद की गईं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी सागर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उसे अब जेल भेज दिया गया है।

#### दो बाइक बरामद

एवीटी टीम ने बाइक चोरी के अलग-अलग दो मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया। एवीटी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता छेदा लाल ने 21 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 19 मई 2026 को आरोपी ने उसके घर से बाहर से बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच टीम ने मामले में संलिप्त आरोपी जोनी उर्फ बाबा निवासी गांव नग्गल गढोली को काबू कर बाइक बरामद कर ली है। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता लक्ष्य ने 9 जून 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी ने गांव अद्योया से उसकी बाइक चोरी की है।



**अंबाला।** चोरीशुदा साइकिलों के साथ आरोपी।

---

## 209 गज प्लॉट की खरीद के बाद भी न कब्जा मिला न रकम वापस हुई, धोखाधड़ी का आरोप

### मंत्री ने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनीं

# टुंडला व डिफेंस कॉलोनी में कब्जा व मारपीट मामले पर अनिल विज सख्त, बोले- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने डिफेंस कॉलोनी में जमीनी धोखाधड़ी व टुंडला में जमीन पर कब्जा व मारपीट मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने इन मामलों में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष टुंडला के रहने वाले एक परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने जमीन पर पेड़ काटने की शिकायत नगर परिषद से की थी। जब मौका देखने के लिए कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो यहीं के रहने वाले व्यक्ति ने इसका विरोध जताया और कस्सी लेकर परिवार पर हमला किया। इस मामले में की शिकायत पुलिस से भी की गई थी, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं। परिवार का आरोप था कि पूर्व में भी आरोपियों ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया था, जिसपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विज ने मामले में पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-सी में जमीनी धोखाधड़ी मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने विज को दी। टुंडला के परिवार ने बताया कि उन्होंने डिफेंस कॉलोनी के प्रापर्टी डीलर के माध्यम से 209 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था। इसके लिए उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर को राशि दी व रजिस्टरी भी उनके नाम हुई। मगर तब उन्होंने तहसीलदार से निशानदेही कराई तो पता चला कि यह प्लाट कागजों में किसी और के नाम है। परिवार ने बताया कि उन्होंने प्रापर्टी डीलर से प्लाट उनके नाम करने को कहा तो न तो उन्हें प्लाट मिला न ही राशि लौटाई गई। उल्टा प्रापर्टी डीलर ने फर्जी एग्रीमेंट कर उनके साथ धोखाधड़ी की। इस मामले में ऊर्जा मंत्री ने पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य शिकायतें आई जिनपर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। पंजोखरा साहिब गांव से आए लोगों ने बिजली की तारों की लाइन को ठीक कराने, एकता विहार क्षेत्र निवासी लोगों ने पानी निकासी ठीक कराने, बब्याल निवासी महिला ने बिजली बिल ठीक कराने एवं अन्य शिकायतें आई जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



**अंबाला।** आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### मंत्री से झींडा ने की मुलाकात

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निवास पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

### पानीपतः शराब व्यापारी ने पार्टनर को गोली मारी

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा में शराब व्यापार से जुड़े लेनदेन विवाद में एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गांव जोशी निवासी शराब व्यापारी सोनू नरवाल ने अपने ही पार्टनर अंशुल निवासी गांव अटावला को अपने प्रतिष्ठान पर गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से शराब व्यापार में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते यह गंभीर वारदात हुई। गोली लगने से अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल अंशुल की शिकायत के आधार पर थाना मतलौडा में आरोपी सोनू नरवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कैंटर की चपेट में आने से बाइकर्स की मौत

**यमुनानगर।** छछरौली स्थित सोम नदी पुल के पास कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कोट मुस्तरका निवास से सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 32 वर्षीय अनिल कुमार वीरवार को अपनी बाइक से जा रहा था। जब वह छछरौली के पास सोम नदी पुल के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से आ रहे कैंटर ने अनिल कुमार की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल अनिल कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### ट्विन सिटी को जलभराव से बचाने की राह में आने वाले हर रोड़े हटाएंगे : महाबीर प्रसाद

# लाव-लश्कर के साथ पहुंचे निगमायुक्त, अपने सामने खुलवाया पांच साल से बंद पड़ा नाला

**नालों से अवैध कब्जा तत्काल हटाने का दिया निर्देश, कहा- किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। देवी भवन बाजार में नाले से अवैध कब्जा हटवाते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मानसून के दौरान शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा ट्विनसिटी (यमुनानगर-जगाधरी) के नालों की सफाई का कार्य इन दिनों युद्धस्तर पर जारी है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने जगाधरी बस स्टैंड के पास पांच साल से बंद पड़े नाले को खोलने के बाद जगाधरी के देवी भवन बाजार में दुकानदारों द्वारा बंद किए गए नाले को खुलवाया। यहां दुकानदारों द्वारा बंद किए गए एक बड़े नाले को कर्मचारियों ने हथोड़ों से भारी मशक्कत के बाद खोल दिया गया। खास बात यह रही कि नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद और अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने खुद मौके पर डटकर पूरी कार्रवाई की निगरानी की। इस मौके पर निगमायुक्त ने कहा कि दोनों शहरों को जलभराव से बचाने की राह में आने वाले हर रोड़े को हटाया जाएगा।

शुक्रवार को नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह के नेतृत्व में बनी टीम देवी भवन बाजार में बंद पड़े नाले को खोलने के लिए पहुंची। इस दौरान निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देश पर देवी भवन बाजार समेत आस पास के नालों की साफ सफाई की गई। नालों की सफाई होने से क्षेत्र के कई बड़े इलाकों को इस मानसून में जलभराव की गंभीर समस्या से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सिविल लाइन रोड, राजेश कॉलोनी सहित शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों का दौरा किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। राजेश कॉलोनी में पुलिया के पास जाल में फंसे कचरे को साफ कराया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों और सफाई एजेंसी को निर्देश दिए कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में जहां कहीं भी नालों पर अवैध कब्जे, स्लैब या किसी भी प्रकार का अवरोध है उसे बिना किसी देरी के तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। जहां भी नालों में कचरा है उसे तुरंत साफ कराए। बारिश से पहले सभी नालों की गहराई तक सफाई करना सुनिश्चित करें।

**नालों को डस्टबिन न बनाए जनता**

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहरवासियों और दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि नालों को साफ रखना सिर्फ निगम की नहीं जिम्मेदारी है। बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। लोग नालों के ऊपर या अंदर ठोस कचरा, पॉलीथिन, कपड़े और प्लास्टिक बैग न फेंकें। इससे न केवल नाले जाम होते हैं। बल्कि नाला ब्लॉक होने से गंदा पानी सड़कों पर आने से महामारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। आमजन से अपील है कि व नालों को डस्टबिन न बनाए। घर व दुकान से निकलने वाले कचरे को अलग अलग एकत्रित करके निगम के वाहनों में डाले।



यमुनानगर। व्यावसायिक भवन को तोड़ती निगम की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## बिना नक्शा पास करवाए बनवा रहे थे व्यावसायिक भवन निगम ने चला दिया बुलडोजर

- अनअप्रूव्ड इलाके में चल रहा था निर्माण, निगम ने चार बार जारी किया था नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए व्यावसायिक संपत्तियों को खड़ा करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने अपना रुख बेहद कड़ा कर लिया है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के सख्त निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए निगम की टीम ने जगाधरी यमुनानगर रोड पर वार्ड नंबर छह में अनअप्रूव्ड एरिया में बन रहे एक बड़े व्यावसायिक भवन को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

नगर निगम की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं निगम के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह, सहायक नगर योजनाकार मृणाल जयसवाल, भवन निरीक्षक हरेंद्र सिंह व पुलिस बल के साथ अनअप्रूव्ड एरिया में बन रहे बड़े व्यावसायिक भवन स्थल पर पहुंचे। इस दौरान दो जेसीबी मशीनों की मदद से निगम की टीम ने व्यावसायिक भवन को ध्वस्त कर दिया। बताया गया है कि नगर निगम द्वारा व्यावसायिक भवन पर कार्रवाई किए जाने से पहले भवन मालिक को लगातार चार बार नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन निर्माण कार्य न रोके जाने के बाद हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 261 और 262 के तहत भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं निगम के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह ने बताया कि कुछ महीने पहले नगर निगम को सूचना मिली थी कि शहर के सफायर होलट के नजदीक अनअप्रूव्ड एरिया में एक व्यावसायिक भवन का अवैध निर्माण किया जा रहा है। जांच करने पर सामने आया कि भवन मालिक ने न तो नगर निगम से कोई नक्शा पास करवाया था और न ही वह जमीन व निर्माण से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर पाया। जिस पर उसे काम रोकने के निर्देश दिए गए और चार बार नोटिस दिया गया। मगर भवन मालिक ने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद निगम ने कार्रवाई की।

**अवैध निर्माण पर होगा एक्शन**

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर के प्रॉपर्टी डीलरों और अवैध निर्माणकर्ताओं को अवैध निर्माण करने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सीमा के भीतर कहीं भी अवैध भवन निर्माण या अनधिकृत कॉलोनियों के विकास को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति बिना नक्शा पास कराए या अवैध कॉलोनियों में निर्माण करने का जोखिम न उठाए। यदि भविष्य में भी कोई ऐसा करता हुआ पाया गया तो निगम बिना कोई ढील दिए उसके खिलाफ इसी प्रकार की ध्वस्तीकरण की सख्त कार्रवाई अमल में लाएगा।

## बाल मजदूरी के चलते बच्चों का भविष्य अंधकारमय : डॉ. परमार

**रादौर के सरकारी अस्पताल में मनाया गया विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, वक्ता बोले- बाल श्रम संविधान विरुद्ध और मानवाधिकार का उल्लंघन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



डॉ.विजय परमार।

सरकारी अस्पताल रादौर में शुक्रवार को विश्व बालश्रम निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि 12 जून को पूरे विश्व में बाल मजदूरी के विरोध में मनाया जाता है। भारत देश में बाल मजदूरी बहुत बड़ी समस्या है। भारत में बाल मजदूरी की समस्या सदियों से चली आ रही है। कहने को भारत देश में बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है। फिर भी बच्चों से बाल मजदूरी कराई जाती है।

डॉ.परमार ने कहा कि जो दिन बच्चों के पढ़ने, खेलने और कूदने के होते हैं, उन्हें बाल मजदूर बनना पड़ता है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। कहने को सरकारें बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं करती हैं, फिर भी होता सिर्फ ढाक के वही तीन पात है। इतनी जागरूकता के बाद भी भारत देश में बाल मजदूरी का खात्मा दूर-दूर तक नहीं दिखता है। इसके उल्ट बाल मजदूरी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। मौजूदा समय में गरीब बच्चे सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जो गरीब बच्चियां होती हैं, उन्हें पढ़ने भेजने की जगह घर में ही बाल श्रम कराया जाता है। छोटे-छोटे गरीब बच्चे स्कूल छोड़कर बाल श्रम हेतू मजबूर हैं। बाल मजदूरी बच्चों के मानसिक, शारीरिक, आत्मिक, बौद्धिक एवं सामाजिक हितों को प्रभावित करती है। बालश्रम की समस्या बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है जो कि संविधान के विरुद्ध है और मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघन है।

डॉ.परमार ने कहा कि भारत में 1986 में बाल श्रम निषेध और नियमन अधिनियम पारित हुआ। इस अधिनियम के अनुसार बाल श्रम तकनीकी सलाहकार समिति नियुक्त की गई। इस समिति की सिफारिश के अनुसार खतरनाक उद्योगों में बच्चों की नियुक्ति निषिद्ध है।

**न्यूज डायरी**



### सही दिशा के चुनाव से मिलती है सफलता

रादौर। जेएमआईटी संस्थान रादौर में शुक्रवार को विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 70 विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय विशेष भ्रमण व करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान पहुंचने पर विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसके बाद उन्हें पूरे संस्थान का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज की विभिन्न लैब्स, लाइब्रेरी व आधुनिक बुनियादी ढांचे को देखा। संस्थान के निदेशक डॉ.संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि आज का युग तकनीक और कौशल का है। हमारा उद्देश्य ग्रामीण एवं सरकारी स्कूलों के बच्चों को वह एक्सपोजर देना है जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। जीवन में सही दिशा का चुनाव ही आपको सफलता के शिखर पर ले जाता है। संस्थान की अत्याधुनिक आईसीटी लैब में विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर चर्चा की गई। कक्षा 10वीं के बाद सही स्ट्रीम का चुनाव। विद्यार्थियों को बताया गया कि वे किसी के दबाव में आए बिना अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स का चयन कैसे करें। आज के दौर में सिर्फ डिग्री काफी नहीं है। कंपनियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, टीम वर्क और डिजिटल साक्षरता वाले युवाओं की जरूरत है। कंप्यूटर साइंस विभाग से कपिल व सिमरन ने बच्चों को संस्थान का दौरा करवाया। आईसीटी लैब सत्र का संचालन निशांत द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थी एक नए अनुभव और सुनहरे भविष्य के सपनों के साथ अपने-अपने स्कूलों के लिए रवाना हो गए।



### रक्तदान शिविर में 101 लोगों ने किया महादान

यमुनानगर। जिला रैडक्रास सोसायटी ने चन्द्रपुर ग्रुप यमुनानगर के सहयोग से सुमेश चंद्र आई एंड जनरल अस्पताल जोड़िया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसका शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. दिव्य मंगला, चंद्रपुर ग्रुप के डायरेक्टर सुनील चंद्रा तथा कार्यवाहक जिला रैडक्रॉस समिति के सचिव संजीव धीमान ने किया। शिविर में रक्तदाताओं से 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्यातिथि एवं डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि जिला यमुनानगर में निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। लेकिन फिर भी गर्मियों के मौसम में शिक्षण संस्थान बंद होने के कारण रक्तदान शिविरों का आयोजन कम होता है। इसलिए उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं और औद्योगिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वह गर्मी के मौसम में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों की सहायता कर सकते हैं। मौके पर चंद्रपुर ग्रुप के डायरेक्टर सुनील चन्द्रा ने कहा कि केवल मानव रक्त से ही रक्त की प्रतिपूर्ति कर मानव जीवन को बचाया जा सकता है। रेडक्रास सोसायटी के कार्यकारी सचिव संजीव धीमान ने बताया कि उपायुक्त एवं रैडक्रास समिति की प्रधान प्रीति के मार्गदर्शन में वर्ष 2025-26 के दौरान 381 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में वर्ष 2026-27 के स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का लक्ष्य 400 पार रखा गया है। मौके पर चंद्रपुर ग्रुपे के चीफ एग्जीक्यूटिव कविता चंद्रा तथा ललित महला, कुलदीप राणा, चर्चल, इन्दु कपूर,शीशपाल सिंह सोही व जसबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



### पृथ्वीराज के आदर्शों को अपनाकर करें राष्ट्र निर्माण

यमुनानगर। क्षत्रिय एकता महासभा के तत्वावधान में वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के उपलक्ष में शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री शक्ति पीठ द्वारा हवन यज्ञ से किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि नेपाल सिंह राणा व गणमान्य ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सभा के प्रधान सुरेन्द्र कुशवाहा, पूर्व प्रधान रामबीर ठाकुर व मास्टर जंगशेर आदि द्वारा नेपाल राणा को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौके पर पहुंचे यशपाल राणा को भी समाज द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि नेपाल सिंह राणा ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान केवल एक राजा ही नहीं थे। बल्कि भारतीय स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। इस मौके पर योगेन्द्र चैहान, मास्टर महिपाल सिंह, संजीव चौहान, नीरज चौहान, रविन्द्र राणा, परमिन्द्र सिंह, शुभम राणा, राज कुमार राणा, पवन राणा, बृज राणा, देवेन्द्र राणा, सुन्दर राणा, चितरंजन राणा, विनोद राणा, धूम सिंह राणा,राजेन्द्र राणा, नरसिंह, कुशलपाल राणा, सुभाष राणा व संजीव राणा आदि मौजूद रहे।

## त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करने के लिए 15 जून से 14 जुलाई तक चलेगा अभियान

- 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, इसके बाद सूची पर प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा 18 सितंबर तक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर में अपने कार्यालय में अभियान की जानकारी देते एसडीएम नरेंद्र कुमार।

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा रादौर क्षेत्र में त्रुटिहीन एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने के लिए 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। उक्त जानकारी एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने दी।

एसडीएम नरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के तहत सभी बूथ लेवल अधिकारी घर घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे और उन्हें भरवाकर विभाग में जमा कराएंगे। इसके बाद 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। सूची पर प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा 18 सितंबर तक किया जाएगा। 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। एसडीएम नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं था वह अपने माता पिता या दादा दादी के नाम के आधार पर मतदान अधिकारों की मैपिंग करवा सकते हैं। यदि मैपिंग नहीं हो पाती है तो संबंधित व्यक्ति निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना पक्ष रख सकता है।

उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए प्रशासन स्वीप कार्यक्रम के तहत सरपंचों, पंचों व नंबरदारों के माध्यम से अभियान चला रहा है। वहीं, बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म 6 की प्रक्रिया जारी रखें तथा लोगों से अनावश्यक दस्तावेज न मांगे जाएं। एसडीएम नरेंद्र कुमार ने सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आमजन घर आने वाले बीएलओ का सहयोग करें। ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

## विशेषज्ञों के अनुभव बढ़ाते हैं विद्यार्थियों का ज्ञान : डॉ. ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। डीएवी डेंटल क़लेज में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों का स्वागत करते डीएवी डेंटल कॉलेज के प्राचार्य आईके पंडित। फोटो : हरिभूमि

इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलाजी द्वारा डीएवी डेंटल कालेज यमुनानगर में नार्दन इंडिया का तीन दिवसीय डेंटल समीक्षा सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में नेपाल समेत नॉर्दर्न इंडिया के विभिन्न राज्यों से बीडीएस अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों समेत विभिन्न विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंलाजी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एचएस ग्रोवर ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता डीएवी डेंटल कालेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने की।

सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ग्रोवर ने बताया कि यह समीक्षा कार्यक्रम बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। इस कार्यक्रम में देशभर से दो दर्जन विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं जो बच्चों को ज्ञान देंगे और इसका लाभ उन्हें न केवल परीक्षा में होगा। बल्कि डॉक्टर बनने के बाद जब वह प्रैक्टिस करेंगे तो भी विशेषज्ञों के यह अनुभव उन्हें बहुत लाभकारी रहेंगे। मौके पर मणिपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष ने बताया कि पिछले सात वर्षों से यह समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अब तक हुई शोध के बारे में जागरूक किया जाता है और साथ ही आगामी परीक्षा में क्या क्या बिंदु आ सकते हैं उन बारे भी जागरूक किया जाता है। वहीं, हरियाणा डेंटल कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बनाएंगे ऑब्जर्वर डॉक्टर विपुल भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम में देश के अलग अलग राज्यों से करीब 75 बच्चे भाग ले रहे हैं। जिन्हें विशेषज्ञ द्वारा हाई एजुकेशन दी जाएगी। संगठन की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. निफिया पंडित ने बताया कि यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि यह कार्यक्रम डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान मसूड़े की बीमारी में अब तक क्या क्या शोध हुआ है और हम लोग इस बीमारी से ग्रस्त मरीज का किस प्रकार इलाज कर उसे राहत पहुंचा सकते हैं ।

### वर्ष 2014 से शुरू हुई विकास यात्रा से करोड़ों लोगों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

# केंद्र सरकार ने सुशासन व विकास में स्थापित किए नए आयाम

**पीएम मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विधायक घनश्याम दास ने गिनाईं उपलब्धियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनवाते मंचासीन सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य।

भाजपा द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व पूर्व मेयर मदन चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा एवं एनडीए सरकार ने बारह वर्षों में सेवा, सुशासन, विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई विकास यात्रा ने देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत देशभर में 12.11 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया तथा भारत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया। जल जीवन मिशन के माध्यम से 15.85 करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल की सुविधा पहुंचाई गई है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.57 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 44 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं तथा करोड़ों नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला है।

**देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 818 हुई**

देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 818 हो गई है। लखपति दीदी योजना, मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 9.44 करोड़ किसान परिवारों को सीधे आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों को व्यापक लाभ मिला है। कृषि बजट और कृषि निर्यात दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण फोरम की बैठक 15 जून को



कुरुक्षेत्र। यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 15 जून को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 15 जून को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 वर्ष से पहले के केस बिजली चोरी संबंधी मुकदमे कोर्ट में लंबित है, सुनवाई दरबार में नहीं होगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय तक सेक्टर-8 विद्युत सदन में पहुंचकर बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निवारण करवाएं।

### 21 जून को 5 परीक्षा केंद्रों पर होगी नीट परीक्षा

# सेंटरों में जैमर व सीसीटीवी कैमरों की रहेगी पुख्ता सुरक्षा

**रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के लिए सुबह 10 बजे ही स्पेशल बस शुरू हो जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा को लेकर प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध करे। इस नीट परीक्षा को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां समय रहते पूरी की जाए। परीक्षा सेंटरों में जैमर, कैमरे व सुरक्षा की दृष्टि से अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करने के साथ साथ ट्रायल भी करें। इस नीट परीक्षा के लिए एसडीएम शाहबाद शम्भू राठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि इस नीट की परीक्षा के लिए 5 केंद्र निर्धारित किए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में 21 जून को होने वाली निट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत परेशानी या समस्या होने पर परीक्षा की गाइड लाइन को अपनाएं, सेंटर सुपरवाइजर नियमों से बाहर जाकर अपने स्तर पर कोई भी फैसला ना ले। इस परीक्षा को लेकर केन्द्र सरकार के साथ साथ प्रदेश सरकार भी पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने कहा कि जिले के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल शांति नगर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, एनआईटी, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय मथाना, यूआईईटी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

**डीसी के निर्देश**

- परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत परेशानी या समस्या होने पर परीक्षा की गाइड लाइन को अपनाएं
- सेंटर सुपरवाइजर नियमों से बाहर जाकर अपने स्तर पर कोई भी फैसला ना लें

**ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी सुचारू**

डीसी ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के जीएम 21 जून के दिन रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के लिए सुबह 10 बजे ही स्पेशल बस शुरू करें ताकि परीक्षार्थियों को सेंटर तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पडे। इसी तरह परीक्षा समाप्त होने पर परीक्षार्थियों को सेंटर से रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर वापिस पहुंचाने का प्रबंध किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नीट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस पास ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए ताकि आमजन व परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस मौके पर डीएसपी सुनील कुमार, एनटीए से बस्तीराम, डा. प्रदीप कुमार, उप खंड शिक्षा अधिकारी सीमा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय बाल मजदूरी निषेध दिवस पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय बाल मजदूरी निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एमडीडी ऑफ इंडिया के द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल मजदूरी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों को शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट अमन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि बाल मजदूरी समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करे। उन्होंने सभी से बाल मजदूरी के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया तथा बाल मजदूरी मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया की स्पोर्ट पर्सन अंजू, सीएसडब्ल्यू प्रवीण कुमार, एकता, नीलम, लक्षिका और राकेश कुमार उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। मुख्यातिथि एसडीएम अमन कुमार को स्मृति चिह्न भेंट करती जिला संयोजक रितु रानी। फोटो : हरिभूमि

## देश निर्माण का मुख्य साधन है संघ : डॉ प्रताप सिंह



कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग' में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक के हरियाणा प्रांत कार्यवाह डॉ. प्रताप सिंह ने अपने बौद्धिक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली इतिहास, स्थापना के संघर्षों और समाज निर्माण में इसके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. प्रताप सिंह ने देश निर्माण में संघ की भूमिका की तुलना 'गंगा' से करते हुए कहा कि आज संघ पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को अवगत कराया कि संघ अपने गौरवमयी इतिहास के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देश भर में आयोजित होने वाले विभिन्न रचनात्मक और सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी उन्होंने साझा की। संघ के इतिहास की चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता ने बताया कि इसकी नींव 1 अप्रैल 1889 को जन्मे बालक केशव (डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार) ने रखी थी, जो एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी थे। कहा कि संघ ने न केवल देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि आज अपने 100 वर्षों के इतिहास में देश को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने में भी अमूल्य योगदान दे रहा है।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूर्व स्पीकर हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा का कुशलक्षेम जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा की सियासत में लंबे समय तक साथ-साथ लंबी पारियां खेलने वाले दो दिग्गज नेताओं की आत्मीयता एक बार फिर धरातल पर नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिहोवा पहुंचे, जहां उन्होंने हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री सरदार हरमोहिंदर सिंह चट्ठा से उनके आवास पर विशेष मुलाकात की। चट्ठा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। हुड्डा ने उनके कमरे में बैठकर काफी समय बिताया, उनका हाथ थामकर सेहत की जानकारी ली और उनके जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा की इस यात्रा के दौरान कांग्रेस के कई अन्य दिग्गज चेहरे भी पिहोवा में नजर आए। इनमें स्थानीय विधायक मनदीप सिंह चट्ठा के अलावा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा और शाहबाद के विधायक रामकरण काला मुख्य रूप से मौजूद रहे। चट्ठा और हुड्डा के बीच इस मुलाकात का माहौल पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण रहा। कुशलक्षेम जानने के साथ ही दोनों



पिहोवा। पूर्व स्पीकर हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा से मुलाकात करते भूपेंद्र हुड्डा।

# रोटरी क्लब ने स्कूल में भेंट किए कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए खानेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 5 कंप्यूटर भेंट किए गए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश जी ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि क्लब समाज सेवा, शिक्षा एवं जनहित के कार्यों में निरंतर उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। विशेष रूप से उन्होंने क्लब प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में क्लब नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. घुम्मन समाज सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं तथा उनके नेतृत्व में अनेक सराहनीय प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। रवि प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थियों को कंप्यूटर उपलब्ध करवाना अत्यंत प्रेरणादायक पहल है, जिससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित के कार्य करता रहेगा। अंत में उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों एवं विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सरदार गुरमीत सिंह जी ने रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्लब द्वारा प्रदान किए गए कंप्यूटर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने का अवसर मिलेगा तथा उनकी तकनीकी जानकारी में वृद्धि होगी। स अवसर पर रोटरी असिस्टेंट गवर्नर रो. डॉ. एस. एस. आहुजा, रो. प्रीतपाल सिंह ढिल्लों, रो. आर. डी. गुप्ता, रो. वीरेंद्र ठकराल, रोटेरियन एस. एस. खुराना, स्कूल प्रधान सरदार जतिंदर भिंडर, स्कूल मैनेजर सरदार हरबंस सिंह तथा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।



शाहबाद। कंप्यूटर भेंट करते रोटरी क्लब शाहबाद के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप



### संगीत एवं नृत्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा सांस्कृतिक एवं कलात्मक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से संस्कार भारती, कुरुक्षेत्र व भारत विकास परिषद की मैत्रेयी शाखा के सहयोग से 1 जून 2026 से 12 जून 2026 तक आयोजित तबला, गायन एवं नृत्य कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मैत्रेयी शाखा की अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि संगीत और नृत्य भारतीय संस्कृति की ऐसी अमूल्य धरोहर हैं। संगीत एवं नृत्य ने प्राचीन काल से ही भारतीय की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाया है। भारतीय परंपरा में संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संवाहक के रूप में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारतीय शास्त्रीय एवं लोक संगीत की विविध परंपराएं देश की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता का प्रतीक हैं।



### नाम सुमिरन से मिलती है मानसिक शांति : ज्ञानानंद

कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सान्निध्य में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दिव्य गीता सत्संग आयोजित किया गया। दुखभंजन कालोनी निवासी डाक्टर श्यामलाल शर्मा, चंद्रिका शर्मा, राजेश सिंगला तथा प्राची सिंगला के परिवार द्वारा आयोजित इस सत्संग में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का अग्रवाल धर्मशाला में पहुंचने पर श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला तथा उनके साथियों ने स्वामीजी का स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्प गुच्छ तथा फूल मालाओं द्वारा गीता मनीषी का अभिनंदन किया। यास पीठ से आशीवर्चन करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगवान के नाम का सुमिरन करने से मानसिक शांति मिलती है। गीता मनीषी ने कहा कि भगवान के नाम का सुमिरन करते हुए प्रत्येक कार्य करना चाहिए। पुरुषोत्तम मास का महत्व बताते हुए गीता मनीषी ने कहा कि इस मास में नाम सुमिरन और गीता पाठ का विशेष महत्व है। भगवान में श्रद्धा और विश्वास रखना चाहिए।



### श्रीमद्भगवद्गीता मानव जीवन का मार्गदर्शक

कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक जीवन-प्रबंधन का मार्गदर्शक है। गीता मानसिक तनाव को दूर कर, कार्यकुशलता, निर्णय लेने की क्षमता, और संतुलित दृष्टिकोण विकसित करने के आधुनिक और शाश्वत सिद्धांत सिखाती है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित जीवन प्रबंधन में श्रीमद्भगवद्गीता विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा गीता श्लोकोच्चारण के द्वारा हुआ। गीता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता वह दर्पण है जिसमें हम अपने वास्तविक स्वरूप को देख सकते हैं। यह हमें जीवन के ऊपरी संघर्षों के पार ले जाकर आत्मा की शाश्वत शांति, संतुलन और उद्देश्य से जोड़ती है। यदि हम प्रतिदिन गीता के एक श्लोक भी जीवन में उतार लें, तो जीवन की दिशा, दृष्टि और दशा दोनों बदल सकती हैं।

### निशानेबाज जसपाल राणा का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति: नवीन जिन्दल

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल ने प्रख्यात निशानेबाज एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच जसपाल राणा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जसपाल राणा का असामयिक निधन भारतीय खेल जगत, विशेष रूप से निशानेबाजी के क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। सांसद नवीन जिन्दल ने अपने शोक संदेश में कहा कि एक खिलाड़ी और कोच के रूप में जसपाल राणा का योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने देश को अनेक उत्कृष्ट निशानेबाज दिए तथा युवा खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार किया। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने वैश्विक मंच पर भारत का परचम लहराया। भारतीय निशानेबाजी को मजबूत आधार प्रदान करने और प्रतिभाओं को निखारने में उनकी भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी।

# आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े छात्राएं

- छात्राओं को निरंतर सीखने, तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा के संयुक्त प्रयास से संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं का कोर्स पूर्ण होने पर एक भव्य प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर धर्मवीर चक्रपाणि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं को उनके सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर धर्मवीर चक्रपाणि ने कहा कि वर्तमान युग में कंप्यूटर शिक्षा केवल एक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि सफलता की कुंजी बन चुकी है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने, तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक एवं शैक्षिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। रोटरी प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि क्लब सदैव शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करता रहा है। उन्होंने डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मंदीप शर्मा तथा विद्यालय प्रबंधन समिति का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रो. वीरेंद्र ठकराल, रो. प्रीतपाल सिंह ढिल्लों, रो. आर. डी. गुप्ता, रो. दीपक गांधी, रो. एस. एस. खुराना, डी.ए.वी. स्कूल के प्राचार्य मंदीप शर्मा, डी.ए.वी. स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य, विद्यालय के स्टाफ सदस्य हरदीप सिंह एवं विजय मलिक उपस्थित रहे।



शाहबाद। छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि



शाहबाद। चैयरमेन सुभाष कलसाना का अभिनंदन करते ग्रामीण।

## नवनियुक्त चेयरमैन सुभाष कलसाना का अढ़ोन में भव्य नागरिक अभिनंदन

शाहबाद। शाहबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव अढ़ोन में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन सुभाष कलसाना का ग्रामीणों द्वारा भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत की सरपंच रीना कश्यप तथा अधिवक्ता संजीव कश्यप के नेतृत्व में किया गया, जिसमें गांव के गणमान्य नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान ग्रामीणों ने सुभाष कलसाना का पुष्पमालाओं, शॉल और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सुभाष कलसाना जैसे जमीनी स्तर से जुड़े व्यक्ति को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर ग्रामीण क्षेत्र की आवाज को मजबूत करने का कार्य किया है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच रीना कश्यप ने गांव अढ़ोन में पिछले वर्षों के दौरान कराये गए विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

## सिख गुरुओं की शिक्षाओं से जुड़ेगा नई पीढ़ी का भविष्य, सरकार का सराहनीय कदम : कंवलजीत कौर

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा।

पिहोवा। जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने हरियाणा सरकार द्वारा आठवीं कक्षा के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं के गौरवशाली इतिहास को शामिल किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर की गई घोषणा को पूरा करना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और सिख इतिहास के प्रति सम्मान को दर्शाता है। कंवलजीत कौर ने कहा कि अब प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों को सिख गुरुओं के त्याग, तपस्या, बलिदान और मानवता की सेवा से जुड़े प्रेरणादायक इतिहास को पढ़ने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के संघर्ष, शौर्य और बलिदान की गाथाओं से भी छात्र परिचित होंगे, जिससे उनमें देशभक्ति, सामाजिक समरसता और मानवता के प्रति समर्पण की भावना मजबूत होगी।



कंवलजीत कौर व डा. अवनीत वडैच।

### संस्था के रक्तदान शिविर को बताया सराहनीय कदम

# उमंग संस्था ने सीएचसी में लगाया रक्तदान कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा गांव बारना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला परिषद कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी डीपी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि अध्यक्षता सीएचसी की एसएमओ डा. अंजू बाला ने की। अतिथियों का यहां पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना, डा. गौरव, डा. नीरज व डा. नेहा ने पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। इस दौरान रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रक्त संग्रह करने के लिए एलएनजेपी के ब्लड़ बैंक की टीम पहुंची। रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए धर्मपाल चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा और पवित्र कोई दान नहीं है। खून को किसी प्रयोगशाला में नहीं बनाया जा सकता। एक इंसान की रगों में बहने वाला खून ही दूसरे इंसान की रगों में बहकर उसकी जान बचा सकता है। जब कोई युवा रक्तदान करता है, तो वह केवल खून की कुछ बूंदें दान नहीं कर रहा होता, बल्कि वह किसी दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति, किसी गर्भवती महिला या थेलेसीमिया से पीड़ित मासूम बच्चे को एक नया जीवनदान दे रहा होता है। आज उमंग समाजसेवी संस्था के बैनर तले बारना गांव के युवाओं ने जो कदम उठाया है, वह बेहद सराहनीय है। एसएमओ डा. अंजू बाला ने कहा कि गर्मी के मौसम में खून की ज्यादा जरूरत होती है। ऐसे में ब्लड़ बैंकों में खून की कमी हो जाती है। ऐसे समय में उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित करना सराहनीय कदम है।



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में 20 को मेगा जॉब फेयर

**अंबाला।** मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला छावनी के प्राचार्य यशपाल ने बताया कि सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 जून 2026 तक प्रदेश भर में जनसंपर्क अभियान, जनकल्याण शिविर,सभागार बैठकें व रोजगार मले का आयोजन किया जा रहा है। मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी एक भव्य मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों एवं कंपनियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

### सूची से अपात्र मतदाताओं के कटेंगे नाम : दर्शन

**अंबाला।** अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमण्डल अधिकारी दर्शन कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने शुक्रवार को पंचायत भवन के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा ने भी कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### प्लेसमेंट ड्राइव 41 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**अंबाला।** उप मंडलीय रोजगार कार्यालय अंबाला छावनी में आज एक प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक रोजगार अधिकारी साहिल त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में रामाया हेल्थकेयर तथा एएसआईएस इंडिया ने भाग लिया और उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर कुल 41 अभ्यर्थियों ने भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### धमकी देने के मामले में एक आरापी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 की पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी गुरमेज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिषेक निवासी मंदिर कृष्ण कृपा धाम सेक्टर-8 ने 11 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 10 जून 2026 को आरोपी हरिंद्र ने चाकू दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने संलिप्त आरोपी को काबू किया है।

### सूची से अपात्र मतदाताओं के कटेंगे नाम

**अंबाला।** अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी दर्शन कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल करना व अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है।

## पूर्व राज्यमंत्री व उपायुक्त ने बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश

# मानसून में जलभराव से तीव्र निपटान के लिए हो व्यापक व्यवस्थाएं : गोयल

सीएम घोषणाओं पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर भी अफसरों से ली रिपोर्ट, कार्यों का समयबद्ध पूरा करने के लिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




**अंबाला।** समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने शुक्रवार को अंबाला शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह में उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के तहत जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत नए विकास कार्यों एवं अन्य घोषणाओं को भी बेहतर समन्वय के साथ तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल विशेष रूप मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर विभागीय अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के तहत जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए किए जा रही तैयारियों एवं कार्यों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेषकर नगर निगम, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी बिंदुवार समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत नए विकास कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने गुरूओं के इतिहास, पराक्रम के बारे जानकारी देने के लिए युवा पीढ़ी को जागरूक करना जरूरी है। आज के समय में युवा अपने इतिहास को भूलते जा रहे है। इसके लिए यह कदम काफी सराहनीय है। इस दौरान वीएलडीए कॉलेज, राजकीय कॉलेज बलदेवनगर, नागरिक अस्पताल अंबाला शहर का विस्तार, कैनाल की ड्रेन पेचिंग का कार्य, वातानुकूलित बारात घर जड़ौत रोड़, केंद्रीय कारागार का स्थानांतरण करने, नग्गल पीएचसी का विस्तार, डॉक्टरों के लिए आवास की सुविधा, एनएच-65 के तहत किए जाने वाले कार्यों, सिंथेटिक ट्रैक, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, फायर स्टेशन, नगर निगम कार्यालय, मल्टी लेवल पार्किंग के साथ अन्य घोषणाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को कहा कि जल भराव की स्थिति से तीव्रता से निपटा जा सके, इसके लिए पम्पों की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह, अधीक्षक अभियंता मुनीष कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, कार्यकारी अभियंता रितेश गोयल, कार्यकारी अभियंता कर्णवीर, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता सुमित मलिक भी मौजूद रहे।

### अनवाश्यक देरी पर होगी कड़ी कार्रवाई

असीम गोयाल ने यह भी कहा कि आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि है कि सभी घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि यदि किसी परियोजना के कार्य में किसी एजेंसी या ठेकेदार द्वारा कोई अनावश्यक देरी की जा रही है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गोयल ने राज्य की कक्षा आठवीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिक्ख गुरूओं तथा बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन, संघर्ष व बलिदान को शामिल करने पर बेहद खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो कहा है उसे करके दिखाया है। यह एक एतिहासिक कदम है जिसकी वे ह्दय की गहराईयों से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

# डाकघर में आधार सेवाएं शुरू सुधार की सभी सुविधाएं उपलब्ध



शहजादपुर। डाकघर में चल रहा आधार सेंटर।

■ 50 से अधिक लाभार्थी होने पर गांवों और शहरी वार्डों में भी लगाए जाएंगे आधार सेवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

डाक विभाग अपनी पारंपरिक डाक एवं वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ आधार संबंधी सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में डाकघर में आधार सेवा केंद्र की सुविधा शुरू कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आधार से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

उप डाकपाल शीशपाल ने बताया कि डाकघर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आधार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नागरिक यहां नए आधार नामांकन, आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, फोटो आदि में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट तथा अन्य आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अंबाला मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर विजय कुमार ने बताया कि डाक विभाग द्वारा आधार सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न आधार सेवा केंद्र सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में सेक्टर-4 पंचकूला, सेक्टर-8 पंचकूला, सेक्टर-15 पंचकूला, नारायणगढ़ तथा कालका में प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा आधार संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन केंद्रों पर टोकन व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी केंद्रों पर कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। यदि किसी ग्राम पंचायत या शहरी वार्ड में 50 या उससे अधिक लाभार्थी उपलब्ध हों तो ग्राम पंचायत, सरपंच, नगर पार्षद अथवा संबंधित जनप्रतिनिधि की ओर से अनुरोध किए जाने पर विशेष आधार सेवा शिविर भी आयोजित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी आधार सेवा केंद्र पर आधार संबंधी कार्य करवाने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी, आनाकानी अथवा अन्य समस्या का सामना करना पड़ता है तो नागरिक सीधे कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, प्रथम तल, जीपीओ भवन अथवा दूरभाष नंबर 0171-2645727 पर संपर्क कर सकते हैं।

# नियमित योगाभ्यास के लाभ बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। योग शिविर में हिस्सा लेते एसडीएम रमित यादव एवं अधिकारी, कर्मचारी।

उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम रमित यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य कुलदीप सिंह, सतीश कुमार ने प्रतिभागियों को योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया और नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. चेतना शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। सभी से दैनिक जीवन में योग को शामिल करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर बीईओ उचाना ओमप्रकाश आर्य, सतीश कुमार, उषा रानी, सुरेंद्र कुमार, संदीप सिंह, मीना शर्मा मौजूद रही।

### डॉ. अर्चना के जींद आगमन पर होगा भव्य स्वागत : राणा

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 16 जून को जींद स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचेंगी। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला जींद दौरा होगा। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। राणा ने बताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रथम जींद आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उचाना हलके से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। डॉ. अर्चना गुप्ता का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# मारकंडा मंदिर के प्रमुख महंत जयंतीदास उदासीन महाराज ब्रह्मलीन, शोक की लहर

■ जयंतीदास का जीवन धर्म, सेवा, साधना व समाजसेवा को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। जयंतीदास उदासीन महाराज।

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मारकंडा मंदिर तंदवाल-हरयोली के प्रमुख महंत परम पूज्य जयंतीदास उदासीन महाराज के ब्रह्मलीन होने की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को धार्मिक एवं सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महंत जयंतीदास उदासीन महाराज पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अस्पताल में उपचाराधीन थे। उपचार के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके ब्रह्मलीन होने का समाचार फैलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भक्तों ने पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महंत जयंतीदास उदासीन महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन धर्म, सेवा, साधना और मानव कल्याण के कार्यों को समर्पित किया। उनके मार्गदर्शन में मारकंडा मंदिर तंदवाल-हरयोली न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र रहा। उन्होंने समाज में प्रेम, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश दिया तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता को सदैव प्राथमिकता दी। इस अवसर पर पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि महंत के सान्निध्य में हजारों लोगों ने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता संजीव डूमरखा।

### हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी

**उचाना।** कांग्रेस नेता संजीव डूमरखा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। बीएलए-2 मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने, नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करवाने में अहम जिम्मेदारी निभाते हैं। कांग्रेस संगठन भी बूथ स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को कार्य के लिए सक्रिय कर रहा है। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। बीएलए-2 कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ सूची में त्रुटियों को दूर कराने में भी सहयोग करते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची से जोडने का कार्य करें। कांग्रेस संगठन बूथ स्तर को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# एसआईआर को लेकर भाजपा का संकल्प सही वोट कोई कटे न, गलत बचे न

■ बैठक में मोर्चा पदाधिकारी व बीएलए को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। रेस्ट हाउस के बाहर मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

ऊर्जा ,परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी महेश नगर मंडल की बैठक लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह अंबाला छावनी में मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इसमें बीएलए पुनीत सरपाल ने मतदाता शुद्धिकरण सूची के कार्य बारे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया की जिनकी वोट बनी हुई है वह अपने घर में रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो रखें। अपने घर के हर सदस्य की जिसकी वोट बनी हुई है उसकी जन्म तिथि भी नोट करके रखें। ताकि बूथ लेवल अधिकारी को परेशानी न हो। मंडल प्रभारी विजेंद्र चौहान ने एसआईआर के महत्व को समझाते हुए मंडल के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि घर-घर जाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण कराएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सही वोट कोई कटे नहीं गलत वोट कोई बचे नहीं। बैठक में महेश नगर मंडल कार्यकारिणी के सदस्य, मोर्चा के पदाधिकारी,बीएलए 2,बूथ अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश प्रचार सचिव बने महाबीर मित्तल



**सफीदों।** सफीदों क्षेत्र के समाजसेवी महाबीर मित्तल को अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा में प्रदेश प्रचार सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला द्वारा मित्तल की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और पत्रकारिता में लंबे अनुभव को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अग्र बंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। महाबीर मित्तल को बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त चयन बताया तथा कहा कि मित्तल के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और समाज के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि उन्हें महाबीर मित्तल की कार्यशैली और अनुभव पर पूरा भरोसा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मित्तल संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश प्रचार सचिव महाबीर मित्तल ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला और संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया हैए उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### 15 लाख की धोखाधड़ी में एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** साजिश रचकर 15 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी फूल सिंह को गिरफ्तार किया है। यमुनानगर की सरांवा की टपरियां के रहने वाले राजेश कुमार ने 5 जनवरी 2026 को थाना बराड़ा में शिकायत दी थी कि 17 जुलाई 2023 से 28 अक्तूबर 2023 के बीच आरोपी संजीव, कमल कुमार व अन्य ने साजिश रचकर धोखाधड़ी व जालसाजी कर उससे 15 लाख रूपये ठग लिए हैं। आरोपियों ने लिखित इकरारनामा करके 15 लाख रूपये उधार लिए न तो आरोपियों ने रकम वापिस की बल्कि जमीन बेचने के नाम पर एक झूठा और जाली इकरारनामा भी तैयार करवा लिया। मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएसआर से 25 से 35 प्रतिशत तक होती है पानी की बचत

# धान की सीधी बिजाई पर मिलेंगे 4500 रुपये प्रति एकड़

किसानों को नहीं होगी नर्सरी तैयार करने, पौधों को उखाड़ने व खेत को रोपाई की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा




क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर को बचाने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। विभाग की ओर से किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। योजना के तहत पारंपरिक धान रोपाई के बजाय सीधी बिजाई अपनाने वाले किसानों को राज्य सरकार की ओर से 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। धान की सीधी बिजाई तकनीक जल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस पद्धति से धान की खेती करने पर पारंपरिक रोपाई की तुलना में लगभग 25 से 35 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। साथ ही किसानों को नर्सरी तैयार करने, पौधों को उखाड़ने और खेत में रोपाई कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे मजदूरी और समय दोनों की बचत होती है।

### पौधों को दूसरे स्थान पर लगाने की जरूरत नहीं

पारंपरिक पद्धति में खेतों में लंबे समय तक पानी भरकर रखने से पानी की अधिक खपत होती है, जबकि सीधी बिजाई में ऐसा नहीं होता। इससे मिट्टी की पानी सोखने की क्षमता बेहतर बनी रहती है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मीथेन गैस के उत्सर्जन में भी कमी आती है। इसके अलावा पौधों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाने से होने वाला तनाव भी समाप्त हो जाता है, जिससे फसल का विकास बेहतर होता है। किसान सीधी बिजाई से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से अच्छी तरह समतल अवश्य करें, ताकि पानी का समान वितरण हो सके। इस पद्धति में खरपतवार की समस्या अपेक्षाकृत अधिक रहती है, इसलिए बुवाई के तुरंत बाद या अगले 24 से 48 घंटे के भीतर खेत में पर्याप्त नमी होने पर खरपतवार नियंत्रण की दवा का छिड़काव करना जरूरी है।

### अवैध कनेक्शन करने वालों को नोटिस

**उचाना।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अवैध पानी, सीवरेज कनेक्शन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। अवैध रूप से कनेक्शन लेने के मामले में नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग की ओर से आगे भी जांच जारी रखी जाएगी।

